# लखनऊ टेक्सटाइल पार्क के लिए जल्द तय होगा मुख्य विकासकर्ता

लखनऊ, विशेष संवाददाता। कैबिनेट बैठक में लखनऊ-हरदोई रोड पर एक हजार एकड़ में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार ने मास्टर डेवलपर के चयन और एग्रीमेंट प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।

प्रदेश के हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने कहा कि इस परियोजना से प्रदेश के वस्त्र उद्योग को नई वैश्विक पहचान मिलेगी। इसकी स्थापना से लगभग एक लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। प्रमुख सचिव अनिल सागर ने बताया कि परियोजना के लिए एसपीवी का गठन किया जा चुका है।

## बुनकर क्लस्टर को तीन साल तक 2.5 करोड़ की आर्थिक मदद

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना के संचालन तथा क्रियान्वयन नीति को मंजूरी दे दी। योजना के तहत 25 या इससे अधिक बुनकरों के समूह का एक क्लस्टर गठित किया जाएगा। इसे तीन वर्ष तक 2.5 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। आधारभूत संरचना, ट्रेनिंड, डिजाइनिंग, मार्केटिंग जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, ताकि विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार किए जा सकें। पांच वर्ष में 150 क्लस्टर बनाने का लक्ष्य है। इस पर 388 करोड़ रुपये के व्यय भार का अनुमान है। इस योजना की घोषणा अनुपूरक बजट में की गई थी। प्रावधान किए गए हैं कि हथकरघा बुनकर अपने उत्पादों देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए विशेष तौर पर तैयार किए जाएंगे। इससे उनके उत्पादों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सुनिश्चित होगी।